# विभागीय प्रतिवेदन

## 2021—22

## समाजशास्त्र

विभागाध्यक्ष — डॉ. ए. के. मंडावी

स्वीकृत पद संख्या — 03

स्हायक प्राध्यापक — 02

अतिथि व्याख्याता — 01

**(1) समाजशास्त्र परिषद का गठनः—**

सत्र 2021—22 मे समाजशास्त्र परिषद का गठन किया गया, जिसमें पदाधिकारी निम्नानुसार मनोनीत किए गए है—

दिनांक — 02/11/2021

अध्यक्ष — कीर्तिपाल

उपाध्यक्ष — प्रिया सोनी

सचिव — नागेश कुमार, सहसचिव — तुलेश्वरी कोमा व विभाग के शेष सभी छात्र—छात्राएं इसके सदस्य है।

**(2) विभागीय बैंठक :—**

विभाग के द्वारा प्रत्येक माह विभागीय बैंठक का आयोजन किया जाता है।

दिनांक 05/03/2021 को विभाग में बैंठक का आयोजन किया गया। बैठक मे विद्यार्थियों के विषय सबंधी शंका हेतु कक्षाओं के आयोजन पर सहमति दी गई साथ पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने हेतु विभागाध्यक्ष द्वारा निदैशित किया गया।

दिनांक 16/06/2021 को विभाग में बैंठक का आयोजन किया गया स्नातकोत्तर ऑनलाईन कक्षाएं 1 जून से आरंभ करने हेतु चर्चा की गई। प्रोजेक्ट कार्य संबंधी विषय पर विचार विमर्श किया गया।

दिनांक 07/07/2021 को विभागीय बैंठक में पाठ्यक्रम समिति की बैंठक 15 जुलाई को कराने हेतु चर्चा की गई। आंतारिक मूल्यांकन परीक्षा संबंधी युनिट टेस्ट हेतु चर्चा की गई।

दिनांक 27/07/2021 को विभागीय बैंठक का आयोजन किया गया। बैंठक में स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजन की समय सारणी निर्धारित की गई तथा कोविड—19 के मानको के पालन के तहत विद्यार्थियों को दो ग्रुप में बांटा गया । आंतरिक मूल्यांकन के अर्न्तगत टेस्ट के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई तथा पाठ्यक्रम समय सीमा के भीतर पूर्ण करने संबंधी चर्चा हुई।

शासन के आदेशानुसार 02/08/2021 से ऑफलाईन /भौतिक रूप से कक्षाओं के आयोजन के आदेश के परिपालन के संबंध में चर्चा की गई।

02/08/2021 की बैंठक में आंतरिक मूल्यांकन, टेस्ट सेमीनार, पी.पी.टी. समय सीमा के भीतर करने हेतु चर्चा की गई। शोध परियोजन एवं सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया।

03/09/2021 की बैंठक में समाजशास्त्र एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के कक्षा की प्रोजेक्ट कार्य की मौखिक परीक्षा दिनांक 06/09/2021 को करने हेतु निर्धारित किया गया, जिसमें साथ ही साथ चतुर्थ सेमेस्टर की शोध कार्य की रिपोर्ट एवं मौखिक परीक्षा दिनांक 13/09/2021 को प्रस्तावित किये जाने पर चर्चा किया गया।

दिनांक 12/10/2021 को बैंठक में विधिवत रूप से भौतिक कक्षाओं के संचालन के संबंध में चर्चा कि गई । एम. ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट कार्य के संबंध में चर्चा की गई। NAAC के संबंध में जानकारी तैयार करने के साथ स्नातकोत्तर स्तर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के संबंध में विमर्श किया गया। बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु इंटर्नशिप कक्षाओं के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने संबंधी चर्चा की गई।

दिनांक 18/11/2021 की बैंठक में स्नातकोत्तर के आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया समय पूर्ण करने के संबंध चर्चा हुई। बैंठक में विस्तार गतिविधि एवं एम.ए. प्रथम सेमेस्टर प्रायोगिक प्रश्न पत्र से संबंधित कार्यो पर चर्चा की गई।

दिनांक 03/12/2021 की बैंठक में जिसमें पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया साथ ही NAAC के संबंध में आवश्यक दस्तावेज संधारण एवं स्नातक स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा के संबंध में चर्चा किया गया।

दिनांक 14/01/2022 की बैंठक में NAAC के संबंध में आवश्यक दस्तावेज संधारण चर्चा की गयी। साथ ही सेमेस्टर परीक्षा उपरान्त द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर और स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम की कक्षाएं संचालित करने के संबंध में चर्चा की गयी इसके अतिरिक्त विभाग में अतिथि व्याख्यान, अन्तर्विषयक व्याख्यान एवं एलुमिनी बैंठक शिक्षण अभिभावक बैंठक के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई।

## (3) अध्ययन मण्डल की बैंठक :–

दिनांक 15/07/2021 को समाजशास्त्र विभाग में अध्ययन मंडल की बैंठक का आयोजन किया गया बैंठक में स्नातक स्तर पर बी.ए. भाग III के प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र में केन्द्रीय मण्डल समाजशास्त्र के द्वारा किए गए संशोधन को यथावत अनुमोदित किया गया। बी.ए. भाग I व II के पाठ्यक्रम को हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा सत्र 2020–2021 के लिए किए पाठ्यक्रम को सत्र 2021–2022 में जारी रखने हेतु अनुमोदन किया गया।




**(4) रेमेडियल कक्षाएं व स्लोनर्स व कमजोर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन :–**

विभाग द्वारा स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर कमजोर विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती है। इसके तहत विषय से संबंधित विभिन्न टॉपिक पर चर्चा, शंका, समाधान, उत्तर लेखन शैली तथा विगत 5 वर्षों के प्रश्नोत्तर पर चर्चा की जाती है। सत्र 2021–22 में रेमेडियल कक्षा– BA प्रथम 40, BA द्वितीय 41, BA तृतीय 43।

**(5) एडवांस लर्नर कक्षाएं :–**

विद्यार्थियों हेतु एडवांस लर्नर कक्षाएं आयोजित किया जाती है। सभी कक्षाओं को व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से सूचना व अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या BA प्रथम 45, BA द्वितीय 41, BA तृतीय 40।

**(6) शिक्षण कौशल :–**

विभाग द्वारा प्रति सप्ताह शनिवार को स्नातक व स्नातकोत्तर पर पाठ्यक्रम से संबंधित विषय पर सामूहिक चर्चा, प्रेजेन्टेशन, वाद–विवाद आदि का आयोजन किया जाता है। जिसमें विद्यार्थियों को विषय की गहन व सारगर्भित जानकारी प्राप्त हो सके तथा लेखन व वक्तव्य क्षमता का विकास हो सके।

## (7) प्रतियोगी परीक्षा हेतु कक्षाएं :–

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी जैसे व्यापम, पी.एस.सी., रेल्वे, बैंक, एस.एस.सी. से संबंधित जानकारी व मार्गदर्शन दिया जाता है।

## (8) नेट, सेट परीक्षा हेतु मार्गदर्शन :–


विभाग में स्नातकोत्तर स्तर पर नेट सेट कक्षाओं का आयोजन समय सारणी के अनुसार किया जाता है। सभी प्राध्यापको द्वारा विषयवार विद्यार्थियों की कक्षाएं ली जाती है।

## (9) आंतरिक मूल्यांकन :–

स्नातक स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु लेखन शैली में सुधार करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

## (10) एलुमिनी बैंठक :–

दिनांक 31/01/2022 को समाजशास्त्र विभाग मे एलुमिनी बैंठक का आनलाइन आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ए. के. मंडावी के निर्देशन में एलुमिनी बैंठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक श्रीमती ललिता साहू द्वारा किया गया। भुतपूर्व विद्यार्थी पल्लव शुक्ला ने कहा कि समाजशास्त्र के अध्ययन को और अधिक प्रभावी बनाने, सप्ताहिक टेस्ट लेने, और नेट सेट तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अतिरिक्त कक्षा संचालित की जानी चाहिए। कैलाश साहू ने कहा कि समाजशास्त्र के अलावा अन्य विषयों सें संबंधित जानकारी हेतु कक्षा तथा समय निर्धारित की जानी चाहिए।




## (11) छात्र शिक्षक अभिभावक बैंठक :–

दिनांक 02/02/2022 को समाजकार्य विभाग मे वर्चुअल रूप से शिक्षक अभिभावक बैंठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप मे प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर शासकीय

अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिक्षक अभिभावक बैठक हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। विभागाध्यक्ष डॉ.ए.के. मंडावी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि एक सफल अभिभावक के सहयोग के लिए, आपको शिक्षकों के साथ निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। बच्चे की शिक्षा और सम्पूर्ण है। बैठक मे उपस्थित अभिभावकों ने महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के लिए धन्यवाद दिये और कहा के महाविद्यालय इसी प्रकार सहयोग करते रहे। इस प्रकार से बैठक मे उपस्थित सभी अभिभावको ने अपने-अपने अभिमत रखे।




**(12) विस्तार गतिविधियां :-**

दिनांक 01/12/2022 को विभाग द्वारा नंदई चौक राजनांदगांव में एड्स महामारी पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।




## महिला दिवस :–

स्थान – डोम्हाटोला

विभाग के प्राध्यापको के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 08/03/2022 को ग्राम डोम्हाटोला में समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतराष्ट्रिय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकालकर पूरे गाँव का भ्रमण किया गया। समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्यों नाटक प्रस्तुत किया गया ग्रामीणों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।








## (13) विद्यार्थियों के फील्ड वर्क व प्रोजेक्ट वर्क :–

स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों जैसे आंगनबाड़ी केन्द्र की समस्याओं का समाजशास्त्री अध्ययन, ऑनलाईन शिक्षा पर अभिभावको के दृष्टिकोण का समाजशास्त्री अध्ययन, वृध्दाश्रम की समस्या का समाजशास्त्री अध्ययन, विषय पर प्रोजेक्ट वर्क एवं फील्ड वर्क किए गए।

## (14) अतिथि व्याख्यान :–

दिनांक 29/01/2022 को समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा यह व्याख्यान आयोंजित किया गया। डॉ. रस्मि कुजूर सहायक प्राध्यापक समाजषास्त्र शासकीय श्यामाचरण शुक्ला महाविद्यालय घर्सीवा रायपुर द्वारा व्याख्यान दिया गया। जनजाति विषय के बारे में विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान में उन्होंने बताया कि जनजाति भौगोलिक दृष्टि से अलग–अलग क्षेत्रों में निवास करते है। जनजातियों की सार्वधिक बड़ी समूह गोड़ हैं। गोड़ जनजातियों में धर्म के प्रति अधिक विश्वास पाया जाता हैं।




अतिथि व्याख्यान - डॉ रश्मि कुजूर

दिनांक 02/03/2022 को समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में इस व्याख्यान का आयोजन


(समाजशास्त्र) श्री गणेश नेताम द्वारा "सामाजिक विचारक" विषय पर अपने विचार दिए गए। व वेबर के समाजशास्त्रीय विचार नेताम सर द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शंका समाधान हेतु प्रश्न किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.ए.के. मंडावी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र द्वारा की गई। कार्यक्रम का समापन श्रीमती ललिता साहू सहा. प्राध्यापक (समाजशास्त्र) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती टिकेश्वरी साहू व श्री शोभित साहू भी उपस्थित रहे।




अतिथि व्याख्यान - डॉ. गणेश नेताम

**(15) अंतरविषयक व्याख्यान :–**

(1) दिनांक 01/02/2022 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर सर के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष ए.के. मंडावी और सहा. प्राध्यापक श्रीमती ललिता साहू के निर्देश में समाजशास्त्र विभाग में वर्चुअल रूप से "जनजाति समाज" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ व मुख्य वकता के रू॰ में अंजलि ध्रुव सहा. प्राध्यापक मानवशास्त्र विभाग शा.दिग्विजय महा. विद्यालय राजनांदगांव के द्वारा समाजशास्त्र के विद्यार्थियों को जनजाति समाज के बारे में विस्तारपुर्वक व्याख्यान दिया गया।





अतिथि व्याख्यान - डॉ. अंजली दुबे

(2) दिनांक 21/02/2022 को अंतरविषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के अंतर्गत वाणिज्य विभाग की सहा. प्राध्यापक श्रीमती सुमन बोथरा के द्वारा संगठन व मानव जीवन विषय पर व्याख्यान दिया गया। प्रो. सुमन द्वारा बताया गया कि संगठन मानव जीवन में कितना महत्वपूर्ण है और मानव समाज पर संगठन का किस प्रकार प्रभाव पड़ता है।




अतिथि व्याख्यान - प्रो. सुमन

(3) विभाग द्वारा 23/02/2022 को अंतरविषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वक्तृत्व कला पर प्रो. डॉ. नीलम तिवारी द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया। जिसमें बी. ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया।




अतिथि व्याख्यान · डॉ. नीलम तिवारी

**(16) मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का संचालन :–**


दिनांक 16/02/2022 से दिनांक 16/03/2022 तक समाजशास्त्र विभाग व समाजकार्य विभाग के संयुक्त तत्वधान में प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ए. केण मंडावी के मार्गदर्शन में 16/02/2022 को अपराधशास्त्र विषय पर 30 दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का शुभांरभ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिशुपाल खोब्रागड़े निर्देश समता जनकल्याण समिति ने विद्यार्थियों को समाजिक जीवन में अवगत कराया।


कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदित्य श्रीवास्त अतिरिक्त लोक अभियोजक व फास्ट ट्रेक कोर्ट राजनांदगांव। उन्होंने बताया कि अपराध के विरूध्द मानव को मिलने वाले अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। मुल्यवर्धित पाठ्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री इरफान उर रहीम खान पुलिस अधीक्षक, पुलिस ट्रेनिंग स्कुल राजनांदगांव आमांत्रित थे। उनके द्वारा उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को समाज को सुधारने के लिए उनकी भागीदारी तथा

के महत्व व उदेश्य बताए गए। मुख्य अतिथि व प्राचार्य महोदय के कर कमलो द्वारा विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया।






Govt. Digvijay Autonomous P.G. College
Rajanandgaon (C.G.)
Value Added Course
Criminology
(16 February, 2022 to 16 March, 2022)
Valedictory Session
Date
16th March, 2022
Time
12:00 PM Onwards
Palace
सृजन संवाद
Chief Guest
Google
Camera